गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

27वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता प्रारम्भ

पंतनगर। 16 अप्रैल 2026। विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 27वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के स्टीवेंशन स्टेडियम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान द्वारा झंडारोहण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा श्रीमती उर्मिला तडियाल एवं श्रीमती पूनम त्रिपाठी जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्टाफ स्पोटर्स में जबलपुर में कांस्य पदक हासिल किया था, को मशाल सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य ही धन है पर बल देते हुए सभी से नियमित रूप से व्यायाम करने एवं खेल–कूद में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विश्व के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की 70 प्रतिशत जनसंख्या मधुमेह से पीड़ित हो सकती है। अतः समय रहते स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पुरुष एवं महिला में सही जनन उर्वरता के लिए तीन सूक्ष्म पोषक तत्वों कोबाल्ट, तांबा और जस्ते की समुचित मात्रा आवश्यक है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर में आयोजित स्टाफ स्पोर्ट्स में विश्वविद्यालय के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रस्साकस्सी प्रतियोगिता में महिला वर्ग से प्रशासनिक भवन की टीम ने और पुरुष वर्ग से सुरक्षा विभाग की टीम ने जीत हासिल की।

इस तीन–दिवसीय प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर परिसर के छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के समस्त पदाधिकारी व सभी प्रतिभागी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री के.पी. सिंह के द्वारा किया गया।